हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 25 फरवरी 2026

06 बीनागंज में दुकानदारों पर कार्रवाई, जुर्माना वसूला



07 भांजे की शादी में अशोकनगर आते समय ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी...





## समाचार संक्षेप

### क्लब 08 बना वॉलीबॉल चैंपियन




**गुना।** लीडर्स इंटर-क्लब वॉलीबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में क्लब 08 ने लीडर्स क्लब को हराकर खिताबी जीत दर्ज की। इस भव्य प्रतियोगिता में गुना के 8 क्लबों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। आयोजन में मुख्य अतिथि SP अंकित सोनी थे उन्होंने विजेता टीम के कप्तान जग्गी रघुवंशी और उनके खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। SP सोनी ने सभी प्रतिभागी क्लबों के खेल और उनके बीच की प्रतिस्पर्धा की जमकर सराहना की।

### ट्राफिक कंट्रोल के लिए जयस्तंभ चौराहे पर सिग्नल की उठी मांग



**गुना।** शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था आमजन और वाहन चालकों के लिए बड़ी समस्या है। ऐसे में हनुमान चौराहा की तरह जयस्तंभचौराहा पर भी सिग्नल सिस्टम की मांग उठने लगी है। शायद इससे ट्रैफिक कंट्रोल हो एवं जयस्तंभ चौराहा के आसपास यातायात का दबाव कम हो सके। मंगलवार को राष्ट्रवादी संघ द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें मांग करते हुए कि जयस्तंभ चौराहे को सिग्नल युक्त चौराहा बनाने का कार्य किया जाए, पूर्व में जयस्तंभ चौराहे की भांति ही हनुमान चौराहे पर भी भारी यातायात की समस्या हुआ करती थी, जो वर्तमान में यातायात सिग्नललगने और चौराहे को व्यवस्थित करने के उपरांत लगभग समाप्त हो चुकी है। इसी प्रकार से जयस्तंभ चौराहे को व्यवस्थित करते हुए सिग्नल युक्त चौराहा बनाए जाने का कार्य निश्चित रूप से मौजूदा यातायात की समस्या के प्रभावी समाधान में कारगर साबित होगा, जिससे आम शहरवासियों के साथ-साथ प्रशासन और यातायात कर्मियों को भी अत्यधिक परिश्रम से राहत मिलेगी और उक्त समस्या का बेहतर समाधान हो सकेगा।

### आज शहर में विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना।** प्रबंधक कैंट जोन विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार गुना शहर अंतर्गत 33/11 केव्ही पावर हाऊस सब स्टेशन से निकलने वाले 11 केव्ही नई सड़क फीडर पर 5 प्रतिशत सुपर विजन योजनांतर्गत कार्य होने से दिनांक 25 फरवरी 2026 दोपहर 01 बजे से 02 बजे तक आर्शीवाद रोड, नई सड़क, अस्पताल चौराहा तथा जैन भोजनालय का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाय़ा भी जा सकता है।

### जनजाति छात्रों के लिए प्रतिभा योजना प्रारंभ

**गुना ।** गुना जनजाति वर्ग के प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा पात्र छात्रों के ऑनलाईन आवेदन लेने का कार्य दिनांक 20 फरवरी से 20 मार्च 2026 MP TAAS PORTAL पर किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत जनजाति वर्ग के JEE, NEET, CLAT जैसी परीक्षाओं में सफल मेधावी छात्रों को रूपये 25000/- से लेकर 50000/- तक की राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाती है। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2026 है। अधिक जानकारी के लिए जिला संयोजक/क्षेत्र संयोजक जनजातीय कार्य विभाग गुना से संपर्क किया जा सकता है।

## शातिर चोर को गिरफ्तार कर, चोरी गया संपूर्ण माल किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक और बड़ी सफलता प्राप्त की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना कोतवाली पुलिस ने तलैया मोहल्ला क्षेत्र में सूने मकान में हुई चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया संपूर्ण माल भी बरामद कर लिया है।




### घटना का विवरण

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादिया धवल लता शर्मा निवासी तलैया मोहल्ला, गुना ने दिनांक 11 फरवरी 2026 को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि वह 2 फरवरी 2026 को अपने घर पर ताला लगाकर गांव गई थीं। 11 फरवरी को वापस लौटने पर घर का ताला टूटा हुआ मिला तथा अंदर अलमारी में रखी सोने की चैन, अंगूठी, चांदी की पायल, चांदी की बिछिया एवं 5 हजार रुपये नकद गायब थे। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 75/26 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### तकनीकी विश्लेषण से मिली सफलता

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। साथ ही अन्य तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए गए।लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप आरोपी की पहचान धारत लोधा निवासी ग्राम उमरिया, थाना कैंट, जिला गुना के रूप में हुई।

### आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी

दिनांक 24 फरवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी धारत पुत्र रामलाल लोधा (उम्र 37 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने सोने की चैन , सोने की दो अंगूठियां, चांदी की दो जोड़ी पायल, 11 जोड़ी बिछिया, कुल लगभग 60 हजार रुपये मूल्य का संपूर्ण चोरी गया माल बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

### इन अधिकारियों की रही विशेष भूमिका

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुहिल शर्मा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक प्रवीण दीवान, प्रधान आरक्षक प्रेम ग्वाल सहित साइबर सेल के आरक्षक कुलदीप यादव, नीलेश रघुवंशी, संजट जाट, नवदीप अग्रवाल, भूपेन्द्र खटीक, आदित्य कौरव एवं अभय रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।गुना पुलिस की इस त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दों को लेकर सैकड़ों लोग पहुंचे प्रशासन के सामने

## इंकलाबी नारों से गूंज उठा पूरा कलेक्टर कार्यालय, मांगों को लेकर चला प्रदर्शन









हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर कार्यालय मंगलवार को अलग-अलग संगठनों और समाजों के विरोध प्रदर्शनों का केंद्र बना रहा।

कलेक्ट्रेट परिसर इंकलाबी नारों से गूंजता रहा, जहां धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दों को लेकर सैकड़ों लोग पहुंचे और प्रशासन के सामने अपनी मांगें रखीं।

### केदारनाथ मंदिर के पट खुलवाने की मांग

सबसे पहले बड़ी संख्या में ग्रामीण, साधु-संत और जनप्रतिनिधि कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने केदारनाथ मंदिर के पट खुलवाने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए मंदिर से जुड़े निर्णयों में पारदर्शिता और शीघ्र कार्रवाई जरूरी है। प्रदर्शन के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि उनकी बात शासन स्तर तक पहुंचाई जाए। काफी देर तक चले प्रदर्शन के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### फिल्म के विरोध में यादव समाज का प्रदर्शन

इसके बाद यादव समाज के लोग बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे। समाज के प्रतिनिधियों ने "यादव जी की लव स्टोरी" नामक फिल्म का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि फिल्म में समाज की छवि को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि फिल्म रिलीज की गई तो जिले के किसी भी सिनेमाघर में इसे चलने नहीं दिया जाएगा।

### नई परमिट नीति के खिलाफ बस ऑपरेटरों की चेतावनी

तीसरे चरण में निजी बस ऑपरेटर भी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने नई परमिट नीति का विरोध करते हुए कहा कि इससे छोटे और मध्यम स्तर के संचालकों पर आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। बस ऑपरेटर संघ ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर नीति में संशोधन की मांग की और चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी, जिससे यात्री परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

### लाल पानी की समस्या पर भड़कीं महिलाएं दिखा आक्रोश

इधर शहर में पेयजल सप्लाई में आ रहे लाल रंग के पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने पहले ही विरोध दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि दूषित पानी से स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ रहे हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हुआ है।

### प्रशासन ने दिया आश्वासन

लगातार हो रहे प्रदर्शनों के बीच प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी संगठनों से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील की और कहा कि प्राप्त ज्ञापनों को संबंधित विभागों और शासन स्तर तक भेजा जाएगा।

कुल मिलाकर, अलग-अलग मुद्दों को लेकर हुए इन प्रदर्शनों ने साफ संकेत दिया कि जिले में जनता की कई समस्याएं लंबित हैं और लोग अब खुलकर आवाज उठाने लगे हैं।

## गुना पुलिस ने 50 लाख से अधिक कीमत के 213 मोबाइल फोन असली मालिकों को वापस लौटाए



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस द्वारा आमजन के खोए एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की तलाश के लिए चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की गई है। पुलिस ने तकनीकी प्रयासों के माध्यम से कुल 213 गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कुल कीमत 50 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।

### तकनीकी टीम की सक्रियता से मिली सफलता

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिलेभर से प्राप्त गुम मोबाइल संबंधी आवेदनों पर गंभीरता से कार्यवाही की गई। पुलिस की तकनीकी टीम ने अथक प्रयास करते हुए CEIR पोर्टल के माध्यम से ट्रैकिंग कर 213 मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद किए गए मोबाइल फोन आज 24 फरवरी 2026 को पुलिस कंट्रोल रूम, गुना में आयोजित कार्यक्रम में उनके असली मालिकों को सौंपे गए।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे, एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा सहित जिले के विभिन्न थाना प्रभारियों की उपस्थिति रही। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर फरियादियों के चेहरों पर संतोष और खुशी स्पष्ट दिखाई दी। मोबाइल धारकों ने पुलिस की सक्रियता, तकनीकी दक्षता और त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मोबाइल कोर्ट के माध्यम से किया जा रहा भूमि संबंधी विवाद का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में मोबाईल कोर्ट के माध्यम से भूमि संबंधी विवादों का आपसी सहमति के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम भादौर तहसील आरोन के प्राप्त आवेदन के संबंध में मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी आरोन के मार्गदर्शन में ग्राम पटवारी द्वारा दल मौके पर जाकर आवेदक धर्मेश पुत्र देवीसिंह जाति रघुवंशी निवासी भादोर एवं अनावेदक राघवेंद्र पुत्र देवीसिंह रघुवंशी के मध्य ग्राम की आबादी में अनावेदक राघवेंद्र रघुवंशी द्वारा निजी मकान निर्माण के संबंध में भूमि एवं निकासी संबंधी विवाद का आवेदक एवं अनावेदक को मौके पर उपस्थित पंचानों के समक्ष मध्य विवाद का आपसी सहमति से निराकरण कराया गया ।इस मोबाइल कोर्ट की कार्यवाही में नायब तहसीलदार आरोन जैन, हल्का पटवारी सुनील किरार सहित आवेदक एवं अनावेदक सहित ग्राम पंचांन उपस्थित रहे।

आवेदकों के द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित 180 आवेदन किए प्रस्तुत

## जनसुनवाई में सुनी गई आमजनों की समस्याएं अधिकारियों को निराकरण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। आज विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। आज इस दौरान लगभग 180 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य




सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। आज जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक दुबे, एसडीएम गुना श्रीमति शिवानी पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर सुश्री महिमा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा विभिन्न आर्थिक सहायता प्रकरणों में आवेदकों को सहायता राशि के चैक प्रदान किए गए। जनसुनवाई में तहसील गुना निवासी श्री महेश सेन ने उपचार हेतु आर्थिक सहायता का आवेदन प्रस्तुत किया था। इसी प्रकार ग्राम बारोद, तहसील चांचौड़ा निवासी श्री हरिचरण गुर्जर तथा तहसील राघौगढ़ निवासी श्री ओमप्रकाश प्रजापति द्वारा भी आर्थिक सहायता राशि की मांग की गई थी। आवेदनों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने रेडक्रॉस के माध्यम से तीनों आवेदकों को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रदान किए।

### टीमवर्क से मिली सफलताः एसआईआर सर्वे पूर्ण होने पर बीएलओ ने जताया आभार

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में गुना जिले में एसआईआर सर्वे 2025-26 का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होने पर आज विभिन्न बीएलओ द्वारा उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर बीएलओ साथियों ने पुष्पहार एवं शाल-श्रीफल भेंट कर कलेक्टर श्री कन्याल के प्रति आभार व्यक्त किया।इस दौरान कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि किसी भी चुनौतीपूर्ण कार्य को टीम वर्क के माध्यम से सहज रूप से पूर्ण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एसआईआर सर्वे का सफलतापूर्वक संपन्न होना आप सभी के समर्पण, मेहनत और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सभी बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सर्वे कार्य के दौरान मिले सहयोग और मार्गदर्शन के लिए कलेक्टर श्री कन्याल का आभार प्रकट किया।

### ग्राम करौंदी, उकावद, बेरवास एवं बोरदा में आयोजित हुआ वसूली शिविर

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशनुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ़ श्री अमित कुमार सोनी के मार्गदर्शन में राजस्व वसूली लक्ष्य की पूर्ति हेतु प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में भू-राजस्व डायवर्सन एवं राजस्व वसूली के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।इसी क्रम में आज कक्षा 10वीं के गणित विषय के प्रश्नपत्र के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मधुसूदनगढ़, शासकीय हाई स्कूल उकावद एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामनेर में परीक्षा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं तथा परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होती पाई गई। साथ ही ग्राम पंचायत उकावद, करौंदी, बेरवास एवं बोरदा में तहसीलदार डॉ. उदय सिंह, नायब तहसीलदार श्री कमल सिंह कोली, राजस्व निरीक्षक श्री लल्लू सिंह भील, श्री शंकर सिंह पटेलिया तथा पटवारी राकेश यादव, महेश भील, सौरव श्रीवास्तव, नाथूलाल एवं नरेंद्र चौरसिया सहित राजस्व टीम द्वारा राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया गया।

## समाचार संक्षेप

### गैर समझौतावादी धारा के महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद को समर्पित सप्ताह के तहत विभिन्न स्थानों पर किए जा रहे पुष्पांजलि कार्यक्रम



**आरोन।** आगामी 27 फरवरी को स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस है। इस अवसर पर छात्र संगठन ऑल इंडिया डीएसओ के द्वारा उनके शहादत दिवस को सप्ताह भर मनाया जाएगा। जिसका प्रारंभ आज स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम के साथ किया गया ।पुष्पांजलि सभा को संबोधित करते हुए छात्र संगठन ए आई डी एस ओ के नगर अध्यक्ष हजरत ने कहा कि ए आई डी एस ओ अपने स्थापना कल से ही स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारियों, महान मनीषियों और नवजागरण काल के महान अग्रदूतों को याद करना, उन्हें सम्मान के साथ श्रद्धांजलि देना अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझता है ।और इसे बखूबी निभा रहा है। आरोन में भी लगातार ऐसे महान मनीषियों को याद किया जाता है। और छात्रों के बीच में उनके सिद्धांतों को ,उनके आदर्श को स्थापित करने का पूरा प्रयास कर रहा है। क्योंकि आज के आदर्शहीन समाज में जब छात्र नौजवान के बीच लगातार नैतिक मूल्य का क्षरण लगातार होता जा रहा है, समाज में सांस्कृतिक पतन चरम सीमा पर। ऐसे में इन्हीं महान लोगों की सीख ही इंसान को मजबूती के साथ इंसानियत हासिल करने के संघर्ष में आगे बढ़ा सकती है। इसी परिपेक्ष में आज यहां पर शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस के अवसर पर जो सप्ताह मनाया जा रहा है इसका प्रारंभ किया गया है। आगामी दिनों में अलग-अलग जगह पर चंद्रशेखर आजाद को समर्पित अलग-अलग कार्यक्रम छात्रों नौजवानों के बीच में किए जाएंगे। ताकि छात्र नौजवान उनसे सीख लेकर अपना चरित्र का निर्माण कर पाएं।

### उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से भाजपा नेता हीरेंद्र सिंह दादा भाई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**आरोन।** मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से विगत दिवस राघोगढ़विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहे एवं क्षेत्र के जन सेवक हीरेंद्र सिंह दादा भाई के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री निवास पर पहुंचकर एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की । उन्हें गुलदस्ता भेंट कियाक्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया जिसमें केंद्र सरकार की नल जल योजना को त ह सी ल आरोन में शीघ्र चालू करने की मांग रखी गई तो वहीं दूसरी और. राघोगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी हेरेंद्र सिंह दादा भाई ने राघोगढ़ विधानसभा की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उपमुख्यमंत्री सेइस प्रतिनिधि मंडल में. भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री अनीता जैन.पत्रकार रुस्तम खान,सोनू जैन,. भानु ओझा रवि गुना सहित अनेक. लोगों ने अप मुख्यमंत्री से सामान्य मुलाकात की।



### अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार जारी

# बीनागंज में दुकानदारों पर कार्रवाई, जुर्माना वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

नगर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने एवं आमजन को हो रही परेशानी से निजात दिलाने के उद्देश्य से मंगलवार को बीनागंज में अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई गई। यह कार्रवाई रवि मालवीय एसडीएम चाचौड़ा के नेतृत्व में की गई, जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओम त्र्यंबकेश्वर मिश्रा एवं नगर परिषद का अमला मौजूद रहा।



अभियान के दौरान सब्जी बाजार क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा पलंग, पेटी एवं अन्य सामान सड़क पर रखकर दुकानें लगाने के कारण जाम की स्थिति बन रही थी।

इससे राहगीरों व वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कार्रवाई करते हुए नगर पालिका अधिकारी ओम त्र्यंबकेश्वर शर्मा द्वारा अतिक्रमण हटवाया गया तथा संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया।इस मौके पर एसडीएम रवि मालवीय ने कहा कि अतिक्रमण के कारण आम नागरिकों को असुविधा होती है, इसलिए यह कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाने और जुर्माना वसूली की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी, ताकि लोगों को जाम और अव्यवस्था से राहत मिल सके।नगर परिषद ने दुकानदारों से अपील की है कि वे निर्धारित स्थानों पर ही दुकानें लगाएं और सड़क व सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें, नगर परिषद द्वारा बनाई नाली पर अतिक्रमण न करे।

ताकि नगर की यातायात व्यवस्था बाधित न हो।

एसडीएम चाचौड़ारवि मालवीय बताया कि नगर को व्यवस्थित करने के लिए अतिक्रमण मुहिम जारी रहेगी दुकानदार नाली पर अपना सामान रखेंगे उनसे जुर्माना लगाया जाएगा । नगर में आम नागरिक को परेशानी ना के लिए अतिक्रमण्यम रहेगी।

## नगर में मां शबरी जयंती पर निकला भव्य चल समारोह, किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

नगर बीनागंज में मां शबरी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित चल समारोह क्षेत्र के भील समाज ने जुलूस निकाला समाज सेवियों ने किया। शबरी जयंती भील समाज द्वारा यह वर्षों से परंपरागत रूप से मनाई जा रही है। इस अवसर पर चल समारोह आश्रम से प्रारंभ होकर सदर बाजार बीनागंज तक निकाला ग या । चा चौ ड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर बीनागंज में निकले मां शबरी के जुलूस पर क्षेत्र की विधायक प्रतिनिधि अनिरुद्ध पेंची, मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न मीना सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर समाज के लोगों का अभिवादन किया।समस्त समाज द्वारा आयोजित मां शबरी जयंती के इस भव्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह में शामिल होकर सभी समाजबंधुओं का स्वागत किया गया। जुलूस में पुष्प वर्षा की गई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अल्लू अर्चना कालापहाड़, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता नाटाणी, संजय मीणा सहित अन्य समाजसेवियों ने भी पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान मां शबरी के आदर्शों—सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता—को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।





## एसडीएम चाचौड़ा के निरीक्षण में खिलाड़ियों के लिए लाइट व ट्रैकिंग की आवश्यकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

हायर सेकेंडरी मैदान पर अब बच्चे आसानी से 200 मीटर की दौड़ का अभ्यास कर सकेंगे। शुक्रवार को रवि मालवीय एसडीएम चाचौड़ा के नेतृत्व में मुख्य नगर पालिका अधिकारीओम त्रयंबकेश्वर मिश्रा एवं नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मैदान में खिलाड़ियों एवं आम नागरिकों को हो रही सुविधाओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली गई।निरीक्षण के दौरान यह महसूस किया गया कि दौड़ लगाने वाले बच्चों एवं बच्चियों के लिए मैदान में लाइट व्यवस्था एवं व्यवस्थित रनिंग ट्रैक की आवश्यकता है। इस पर रवि मालवीय ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से विचार-विमर्श करते हुए 200 मीटर का रनिंग ट्रैक तैयार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में रनर्स के लिए 200 मीटर का ट्रैक विकसित किया जाएगा, जिससे बच्चे विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी बेहतर ढंग से कर सकें।स्थानीय खिलाड़ी अमित चौरसिया एवं अन्य खिलाड़ियों ने बताया कि बच्चों के लिए क्रिकेट अभ्यास के साथ-साथ दौड़ने हेतु ट्रैकिंग की सुविधा अत्यंत आवश्यक है। इससे आने वाले समय में बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे और अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।नगर पालिका द्वारा प्रस्तावित इस पहल से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में उत्साह देखा जा रहा है और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही मैदान खेल गतिविधियों का केंद्र बनेगा।



## ग्राम शिक्षा समिति जिला गुना के सचिव रामदयाल शर्मा ने राघौगढ़ समिति के विद्यालयों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

ग्राम शिक्षा समिति, राघौगढ़ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर तेलीगांव एवं सरस्वती शिशु मंदिर पैंची में ग्राम शिक्षा समिति जिला गुना के सचिव एवं सेवानिवृत्त शिक्षक रामदयाल शर्मा (आरोन) का प्रवास रहा।

अपने प्रवास के दौरान श्री शर्मा ने ग्राम शिक्षा समिति, राघौगढ़ के अंतर्गत संचालित विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर तेलीगांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक एवं व्यवस्थात्मक गतिविधियों की जानकारी ली गई तथा भैया बहनों एवं शिक्षकों से संवाद किया गया। इस अवसर पर संकुल प्रमुख प्रधानाचार्य पैंची रमेश कुमार गाड़री एवं स्थानीय समिति सदस्य कैलाश नारायण लोधी,उमराव सिंह लोधी,रामचरण विश्वकर्मा, कैलाश नारायण सेन, संयोजक जगदीश लोधी, शिवनारायणलोधी,धर्मेन्द्र लोधी तेलीगांव ,नर्मदा प्रसाद पारीख, रामभरोसा शर्मा हृदेश पारीक, मोहन शर्मा, दीपक शर्मा,मथुरा लाल चन्देल,वद्री लाल प्रजापति, शिवनारायण कुशवाह, किशोरी लाल कुशवाह, रमेशचन्द साहू देहरी, गजराज सिंह मीना, गुलाब सिंह मीना, हरि भजन मीना , गोपाल सिंह मीना, वद्री लाल मीना बीवाखेड़ी, सेवा निवृत्त शिक्षक हरिचरण भार्गव,मोहन सिंह मीना, ओमप्रकाश मीना,हरस्वरुप मीना, प्रवेश मीना, सुमेर सिंह मीना, बब्लू मीना रामटेरी, राजेश शर्मा, गजराज सिंह मीना, मांगी लाल मीना रामसिंह पुरा खुर्द,विधालय परिवार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने विद्यालय के भैया-बहनों से अंताक्षरी एवं संवाद के माध्यम से सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे। उन्होंने मौसम, ऋतुओं एवं भारतीय संस्कारों के विषय में प्रेरक जानकारी दी।



साथ ही कहानियों और कविताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को नैतिक एवं शैक्षणिक ज्ञान प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय परिवार ने सचिव श्री शर्मा के मार्गदर्शन को प्रेरणादायी बताता अन्त में विधालय के प्रधानाचार्य उधम सिंह लोधी ने श्री शर्मा का आभार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री शहरी संकल्प महा अभियान के तहत छात्रों को स्वच्छता प्रबंधन से अवगत कराया




हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मुख्यमंत्री शहरी संकल्प महा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अशोकनगर यूएलबी कोड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता प्रबंधन प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसका उद्देश्य स्पष्ट था देखो, समझो और फिर बदलाव का नेतृत्व करो।

### कार्यक्रम की प्रमुख झलकियां

गीला और सूखा कचरा पृथक्करण विद्यार्थियों को बताया गया कि घर से ही कचरे को अलग करना क्यों आवश्यक है। गीला कचरा खाद निर्माण,सूखा कचरा रिसाइक्लिंग,'गीले कचरे से खाद बनाने की विधि, ऑर्गेनिक वेस्ट को वैज्ञानिक प्रक्रिया से कंपोस्ट में बदलने की पूरी प्रक्रिया समझाई गई।

### कचरा नहीं, संसाधन है, सोच बदलो, शहर बदलो

प्लास्टिक, कागज, धातु आदि को अलग कर पुनः उपयोग योग्य बनाने की प्रक्रिया का लाइव डेमो दिया गया। मठ पंप द्वारा लाए गए मल के सुरक्षित निपटान और ट्रीटमेंट की पूरी प्रणाली की जानकारी दी गई। स्वच्छता केवल दिखने भर की नहीं, व्यवस्था की भी होती है। सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि "हम स्वच्छता के स्वयंसेवक हैं न गंदगी करेंगे, न करने देंगे।

## एसडीएम चंदेरी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चंदेरी मनीष धनगर की अध्यक्षता में चंदेरी ब्लॉक की रबी उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार तहसील चंदेरी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चंदेरी, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा चंदेरी केन्द्र प्रभारी नॉन शाखा चंदेरी, गोदाम प्रभारी एमपी डब्ल्यूएलसी आदि उपस्थित हुयें। बैठक में बताया कि अनुविभाग चंदेरी की तहसील चंदेरी अंतर्गत 40 गेहूँ एवं 01 मसूर का पंजीयन हुए है इस प्रकार कल 41 पंजीयन हुए जिनका कुल रकबा क्रमश 97.38 हेक्टयर प्रदर्शित हो रहा है। 07 मार्च 2026 तक गेहूँ पंजीयन का कार्य किया जाना है। उपार्जन हेतु अधिक से अधिक पंजीयन कराये जाने के निर्देश समितियों को दिए। गेहूँ उपार्जन नीति वर्ष 2026-27 मे उपार्जन केन्द्र निर्धारण हेतु दिये नियम व शर्तो पर चर्चा की गई। गेहूँ उपार्जन नीति के बिंदु क्रमांक 7 अतर्गत विभिन्न बिंदुओ के संबंध मे जानकारी उपलब्ध करवाई गयी। रबी उपार्जन स्तरीय समिति द्वारा उपार्जन नीति के बिंदु क्रमांक 6 एवं 7 पर चर्चा की गई। पंजीयन का कार्य वर्तमान मे जारी है एवं उपार्जन कार्य सुचारू रूप से कराये जाने हेतु 02 केंन्द्रो का निर्धारण अनुविभाग चंदेरी मे हुआ है। रबी उपार्जन में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इन बिन्दुओं कि विस्तृत चर्चा कि गई।

## निःशुल्क नेत्र शिविर में 200 मरीजों की हुई जांच

**अशोकनगर।** श्री करुणा निधि सेवा समिति अशोकनगर के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न हुआ। श्री सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से राष्ट्रीय और अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत 200 मरीजों की जांच हुई और एक सौ पांच लोगों को चिन्हित कर भोजन कराकर ऑपरेशन के लिए भेजा गया। करुणा निधि सेवा समिति अध्यक्ष माधव सिंह (करैया राय) ने बताया कि करुणा निधि सेवा समिति प्रत्येक माह के चैथे मंगलवार को नेत्र शिविर का आयोजन करवाती है इस बार भी मंगलवार को मरीजों की जांच कर सतगुरु नेत्र चिकित्सालय सतगुरु नगर आनंदपुर तहसील लटेरी जिला विदिशा बस के द्वारा भेजा गया। जिसमें रोटरी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर डॉक्टर शिव गणेश नेत्र सहायक, समिति कोषाध्यक्ष पारसचंद जैन ,सचिब रामबली सिंह , प्रदीप शर्मा, माणकचंद जैन ,रोटेरियन रोशन कोहली सुधीर गुप्ता और अशोक सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे को लेकर मांग पत्र सौंपा गया



**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय को सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से कनेक्ट कराए जाने के लिए मंगलवार को कलेक्टर अशोकनगर के समक्ष मांग पत्र प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा यह कहा गया कि यह जनसुनवाई के ऊपर का मामला है, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एक स्वतंत्र निकाय है, जो सर्वे आदि की कार्यवाही करता है, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सुझाव मांगने पर कार्रवाई जावेगी। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इस मांग को आप लोग उठाएं, जिस पर कलेक्टर को यह अवगत कराया गया है कि, आज के मांग पत्र में प्रधानमंत्री कार्यालय, भूतल परिवहन मंत्री, भारत सरकार एवं सांसद एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया को किए गए पत्र व्यवहारों की छायाप्रतियाँ संलग्न की गई है। आज जो मांग पत्र प्रस्तुत किया गया है, उसमें चंदेरी से डॉक्टर योगेश मिश्रा, अशोकनगर से सुनील रघुवंशी, राजिद अहमद,नीरज शर्मा एवं मनोज शर्मा उपस्थित रहे। सभी ने कलेक्टर से अशोकनगर को सिक्स लेन ग्रीन फील्ड हाईवे से कनेक्ट कराए जाने के लिए समुचित कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया है।

## हितानंद शर्मा को मातृ शोक मंगलवार को पंच तत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र सह-बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माताजी जनक दुलारी शर्मा का आज मंगलवार प्रातः भोपाल में निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। स्वर्गीय जनक दुलारी के परिवार में उनके पति गया प्रसाद शर्मा (93 वर्ष), पुत्र निकुंज शर्मा, हितशरण शर्मा, विपिन शर्मा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मध्य क्षेत्र सह बौद्धिक प्रमुख हितानंद शर्मा शामिल हैं। परिवारजन एवं परिचितों के अनुसार वे अत्यंत धार्मिक, सादगीपूर्ण जीवन जीने वाली तथा संस्कारों से परिपूर्ण व्यक्तित्व की धनी थीं। उन्होंने अपने परिवार को सामाजिक मूल्यों, राष्ट्रभावना और सेवा संस्कारों से प्रेरित किया, जिसका प्रभाव विशेष रूप से हितानंद शर्मा के व्यक्तित्व एवं कार्य में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है।

उनकी अंत्येष्टि आज उनके पैतृक ग्राम मढ़ी, तहसील महिदपुर, जिला अशोकनगर में पूर्ण वि धि - विधान के साथ संपन्न हुई। अंतिम संस्कार में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न दायित्ववान कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उनके निधन का समाचार मिलते ही सामाजिक, सांस्कृतिक तथा सार्वजनिक जीवन से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों में शोक की लहर व्याप्त हो गई।



### 22 प्रकरण लाइसेंस निलंबन हेतु प्रेषित

# मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले चालकों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में व्यापक एवं सतत यातायात अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन संचालन पर अंकुश लगाने हेतु थाना यातायात द्वारा निरंतर चेकिंग एवं चालानी कार्यवाही की जा रही है। केवल चालान तक सीमित न रहकर यातायात नियमों के उल्लंघन के मामलों में वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे भविष्य में पुनरावृत्ति पर रोक लगाई जा सके।

**मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले चालकों पर विशेष कार्यवाही** थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक स्नेहा ठाकुर, सूबेदार संतोष शर्मा एवं सउनि. निरंजन सिंह के नेतृत्व में वर्ष 2026 में अब तक वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वाले 21 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इन चालकों से कुल 21,000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना गंभीर दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए ऐसे प्रकरणों को प्राथमिकता से लिया जा रहा है।



**ओवरलोडिंग एवं खतरनाक परिवहन पर कार्यवाही** ओवरलोडिंग कर माल का परिवहन करने वाले वाहन क्रमांक आरजे11जेडी 1621 के चालक पर 13,000 रुपये का चालान किया गया। इसके अतिरिक्त एक ऑटो चालक द्वारा खतरनाक तरीके से माल का परिवहन किया जा रहा था तथा वाहन का वैध बीमा भी नहीं पाया गया। उक्त चालक के विरुद्ध खतरनाक वाहन संचालन एवं बीमा न होने पर 3,500 रुपये का जुर्माना किया गया। प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन संचालन पर कार्यवाहीः- वाहन क्रमांक आरजे06जेडी6064 के चालक द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन संचालन किया जाना पाया गया, जिस पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 115/194(2) के अंतर्गत 5,000 रुपये का चालान किया गया।

**लाइसेंस निलंबन हेतु प्रकरण प्रेषित** उपरोक्त समस्त यातायात नियमों के गंभीर उल्लंघनों को दृष्टिगत रखते हुए कुल 22 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु प्रकरण तैयार कर संबंधित लाइसेंस जारीकर्ता (आरटीओ) कार्यालय को प्रेषित किए गए हैं। यह कार्यवाही भविष्य में नियमों के प्रति उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने हेतु की गई है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा आमजन से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें।

## मंदिर में पहुंचकर पूजा और आस्था की सामग्री की प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पंजाबी महिला सेवा समिति द्वारा सेवा सप्ताह के चलते हुए अपने सातवें प्रोजेक्ट में धार्मिक सेवा की एक प्रेरणादायक पहल की। समिति के सदस्यों ने पास के मंदिर में जाकर जरूरत की चीजें और दान दक्षिणा अर्पित की और पंडित जी को आवश्यक सामग्री और उपयोगी चीजे भेंट की ।

इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोड़ा ने कहा कि धार्मिक स्थलों की सेवा करना और समाज के मार्गदर्शकों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का मुख्य हिस्सा है ।इस सेवा कार्य के माध्यम से समिति ने समाज में सहयोग, सम्मान और आध्यात्मिक भावना का संदेश दिया। मंदिर में आए सभी श्रद्धालुओं ने समिति के इस कार्य की सराहना की पंडित जी ने समिति के सभी सदस्यों को अपना आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और निरंतर सेवा कार्य करने का संदेश दिया। समिति सदस्यों ने यह आश्वासन दिलाया कि वह समय-समय पर ऐसे धार्मिक और सामाजिक कार्य करती रहेगी, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संचार हो। इस नेककार्य में गायत्री अरोड़ा के साथ सचिव मीता सदाना, सोनू भारती, कुसुम ,रोशनी,सीमा,सुनीता आदि अनेक सदस्यों ने अपना सहयोग दिया।



35 से 50 लाख के बोनमेरो ट्रांसप्लांट की सुविधा निःशुल्क, फिर भी जिले से पहुंचे 84 में से सिर्फ 11 मरीज


## कलेक्टर मिश्रा और एमडी एनएचएम के प्रयासों से जिले के मरीजों को मिला लाभ

# थैलेसीमिया मरीजों के लिए वरदान बना मेदांता फाउंडेशन का कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

जिले के थैलेसीमिया मरीजों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। गुढ़गांव हरियाणा के मेदांता फाउंडेशन की ओर से प्रदेश के इंदौर के एम वाय हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में थेलीसिमिया मरीजों के निःशुल्क बोनमेरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसमें निजी अस्पतालों में होने वाला 35 से 50 लाख रुपए तक का खर्च पूरी तरह वहन किया जाना है। कलेक्टर डॉ गिरिश कुमार मिश्रा के विशेष प्रयासों से एमडी एनएचएम जिले के मरीजों को यह सुनहरा अवसर मिला, लेकिन अफसोस की बात यह रही कि 84 पंजीकृत मरीजों में से मात्र 11 ही इस पहल का लाभ लेने पहुंचे। सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने बताया कि थैलेसीमिया जैसी गंभीर अनुवांशिक बीमारी से पीड़ति मरीजों को जीवनभर नियमित ब्लड ट्रांसफ्यूजन पर निर्भर रहना पड़ता है। बोनमेरो ट्रांसप्लांट ही इसका स्थायी इलाज माना जाता है, लेकिन महंगे इलाज के कारण अधिकांश परिवार इसे कराने में असमर्थ रहते हैं। ऐसे में मेदांता फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क ट्रांसप्लांट की घोषणा किसी संजीवनी से कम नहीं थी। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित कर सभी 84 पंजीकृत मरीजों और उनके परिजनों से संपर्क कराया। शिविर में विशेषज्ञों की टीम ने आवश्यक जांच और काउंसलिंग की व्यवस्था भी की। इसके बावजूद बड़ी संख्या में मरीज नहीं पहुंचे, जो चिंता का विषय बन गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई परिवारों में जागरूकता की कमी, भय और भ्रांतियों के कारण वे आगे नहीं आए। अब प्रशासन दोबारा संपर्क कर अधिक से अधिक मरीजों को इस योजना से जोड़ने की तैयारी में है।





कार्यालय कलेक्टर, जिला राजगढ़, मध्यप्रदेश

क्रमांक/ /सीएसटी/2026 राजगढ़ दिनांक फरवरी 2026

प्रति,
मिशन संचालक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
भोपाल, म0प्र0

विषयः–रक्त विकार थैलेसिमिया से ग्रसित पात्र मरीजों को "थैलेसीमिया बाल सेवा योजना" अन्तर्गत मेदांता फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन (BMT) सुविधा प्रदान किये जाने के संबंध में ।
संदर्भः–आपका पत्र क0/1978/2025 HMGLBIN-NHM/I/793130/2026

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से रक्त विकार थैलेसिमिया से ग्रसित पात्र मरीजों को "थैलेसिमिया बाल सेवा योजना" अन्तर्गत मेदांता फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन (BMT) सुविधा प्रदान किये जाने बाबत पत्र जारी किया गया है ।

चूंकि राजगढ़ जिले में थैलेसीमिया के मरीजो की संख्या बहुत अधिक है । (अवलोकन हेतु सूची संलग्न है)

अतः जिले के थैलेसिमियों के मरीजों के उपचार हेतु राजगढ़ जिले को भी सम्मिलित किया जाना उचित होगा ।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

Digitally signed by
GIRISH KUMAR MISHRA
Date: 20-02-2026
19:30:41 कलेक्टर
जिला राजगढ़ म0प्र0

### थैलेसीमिया क्या है और क्यों जरूरी है बोनमेरो ट्रांसप्लांट?

- थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रक्त रोग है।
- मरीज को हर 15-20 दिन में ब्लड चढ़ाना पड़ता है।
- लंबे समय तक ब्लड ट्रांसफ्यूजन से शरीर में आयरन की अधिकता हो जाती है।
- बोनमेरो ट्रांसप्लांट से बीमारी जड़ से खत्म हो सकती है।
- निजी अस्पतालों में खचर्रू 35 से 50 लाख रुपए तक।
- मेदांता फाउंडेशन द्वारा यह सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध।

### प्रशासन की अपील

- *सभी पंजीकृत मरीजों से दोबारा संपर्क शुरू।*
- *परिजनों की काउंसलिंग और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।*
- *पात्र मरीजों से अपील डर और भ्रांतियों को छोड़कर आगे आएं।*
- *जिले के लिए यह पहल एक ऐतिहासिक अवसर है।*
- *जरूरत है तो सिर्फ जागरूकता और सकारात्मक पहल की, ताकि थैलेसीमिया से जूझ रहे बच्चों और युवाओं को नया जीवन मिल सके।*

एसपी राजगढ़ से हुई लिखित शिकायत

# बीजेपी जिला उपाध्यक्ष व इकलेरा सरपंच पर मारपीट के आरोप, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भाजपा के राजगढ़ जिला उपाध्यक्ष एवं इकलेरा ग्राम पंचायत के सरपंच श्रवण पाटीदार पर मारपीट के आरोप लगे हैं। पीड़ितों ने इस बारे में राजगढ़ पुलिस अधीक्षक से मय सबूतों के शिकायत की है। श्रवण द्वारा सार्वजनिक रूप से शिकायतकर्ता को थप्पड़ मारने का वीडियो भी जिले में तेजी से वायरल हो रहा है। यद्यपि, हरिभूमि उक्त वायरल वीडियो की तकनीकी प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है।

### क्या है पूरा मामला

राजगढ़ एसपी अमित तोलानी से लिखित में की गई शिकायत में फरियादी विश्वास एवं धर्मेंद्र निवासी कालापीपाल जिला शाजापुर ने उल्लेख किया है कि वे 13 फरवरी 2026 को तलेन थाने के इकलेरा गांव गए हुए थे। वहां उन्होंने मोबाइल से सरपंच श्रवण पाटीदार को सौहाद्र रूप से फोन लगाया लेकिन उसके कुछ समय बाद पाटीदार अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचे और मारपीट करते हुए गाली-गलौच की। उन्हें न केवल थप्पड़ मारा गया बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी गई।

### एक अन्य मामले में भी शिकायत

भाजपा नेता एवं सरपंच पाटीदार के साथियों द्वारा सोमवार रात्रि एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के घर पर भी हमला करने की शिकायत हुई है। तलेन थाना पुलिस ने रात्रि में ही 9 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। उक्त अज्ञात लोगों में कौन-कौन शामिल थे। इस बारे में हरिभूमि द्वारा रात्रि 8 बजे थाना प्रभारी दामले को उनके मोबाइल पर कॉल किया गया लेकिन, उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

### इनका कहना है...

*जिन्होंने मेरी शिकायत की है वे जबरिया वसूली करते हैं। उन्होंने मुझसे 20 हजार रुपए मांगे। मैं जब ईमानदारी से कार्य कर रहा हूं तो किसी को क्यों पैसे दूं। मेरी पंचायत के आसपास की पंचायतों से भी उन्होंने पैसे लिए हैं। मेरे पास पूरी रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट उपलब्ध हैं। कल हम एसपी साहब को सब कुछ उपलब्ध करवाएंगे।*

*श्रवण पाटीदार, सरपंच, इकलेरा, जिला राजगढ़*

### इनका कहना है...

*शिकायत प्राप्त हुई है। आगे की कार्यवाही जारी है।*

*राकेश दामले थाना प्रभारी, तलेन, जिला राजगढ़*

# एसआईआर में निष्पक्ष कार्य कराने को लेकर एसडीएम का किया स्वागत

**सारंगपुर।** विस में एसआईआर में निष्पक्ष और बेहतर कार्य करने एवं एसआईआर का काम शांतिपूर्वक ढंग से पूरा कराने को लेकर मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नागरिकों ने एसडीएम रोहित बम्हौरे का स्वागत किया। नागरिकों ने कहा कि दरअसल देशभर में जहां एसआईआर को लेकर बीच-बीच में विरोध और अव्यवस्थाओं की खबरें सामने आती



रही हैं, वहीं सारंगपुर में इसके बिल्कुल उलट सकारात्मक और उत्साहजनक संदेश निकलकर आया। यहां पूरे प्रशासनिक तंत्र ने तय समय पर एसआईआर के सभी चरण पूरे किए। यह एसडीएम बम्हौरे की बड़ी सफलता है जिन्होंने किसी भी बीएलओ को बिना सस्पेंड किए बिना बेहतर नेतृत्व करते हुए यह महत्वपूर्ण कार्य पुरा कराया। एसडीएम बम्हौरे ने इस अवसर पर कहा कि इस बार पूरे क्षेत्र में एसआइआर का काम बेहद सुचारू तरीके से आगे बढा। किसी भी बूथ या क्षेत्र में बड़ी परेशानी नहीं आई टीमों ने समय सीमा का पूरा ध्यान रखा।

2 शाजापुर रेफर, गाय खरीद का सौदा केंसिल होने पर हुई घटना, पुलिस ने दोनों पक्षों के मामला दर्ज किया

# पचोर के पशु हाट में चाकू मारने से 3 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पचोर के मंगलवारिया पशु हाट में गाय की खरीद परोख्त के दौरान दो पक्षो में खूनी संघर्ष हो गया। एक पक्ष ने लाठी डंडे से हमला किया तो दूसरे ने चाकू चला दिया। घटना में तीन लोग चाकू लगने से घायल हुए है इनमे दो को प्राथमिक चिकित्सा के बाद शाजापुर जिला अस्पताल में रेफर किया है। पचोर थानाप्रभारी शकुंतला बामनिया से मिली जानकारी अनुसार शाजापुर जिले के निवासी बनेसिंह से अफजल नामक खरीददार ने 16 हजार रुपए में गाय का सौदा किया था। अफजल के अनुसार सौदा होने के बाद गाय का दूध दुहकर देखा तो कम दूध दिया तो सौदा केंसिल करने की बात पर आपस में विवाद हो गया। घटना में विक्रेता पक्ष किसानों ने लाठी डंडे से हमला किया तो खरीददार अफजल फकीर और उसके पिता सलीम फकीर निवासी गीलाखेड़ी थाना कुरावर ने चाकूओं से हमला कर दिया। जिसमे सुनील पिता मेहरबानसिंह, लाड़सिंह पिता बंशीलाल को पीठ में चाकू लगने से गंभीर घायल हो गए जबकि नानूराम गुर्जर की उंगली में चोट आई है। पुलिस ने दोनों गंभीर घायलो को प्राथमिक चिकित्सा करवाकर शाजापुर जिला चिकित्सालय भिजवाया है। जबकि अफजल और उसके पिता सलीम फकीर को भी लाठी डंडो से मामूली चोटे आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जानलेवा हमले और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

शासकीय महाविद्यालय सुठालिया में व्याप्त समस्याओं को लेकर है गुस्सा

# कॉलेज की समस्याओं को लेकर अभाविप ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुठालिया इकाई द्वारा जिला राजगढ़ में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर निम्न मांगे रखी जिसमें शुद्ध पेयजल एवं नियमित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाना। महाविद्यालय के प्रथम तल को विद्यार्थियों हेतु खोलना। स्नातक स्तर पर सभी विषय प्रारंभ किए जाएं एवं की व्यवस्था करना, शिक्षक एवं स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाना। महाविद्यालय परिसर में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाना( विद्यार्थियों के हित में (स्नातकोत्तर) पाठ्यक्रम प्रारंभ करना, महाविद्यालय में तकनीकी तथा शैक्षणिक स्टाफ का अभाव, कार्यालयीन कर्मचारियों की कमी इत्यादि के कारण महाविद्यालय की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है।

विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद छात्र हित में आंदोलन करने हेतु बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।कार्यकर्ताओ ने बताया महाविधालय परिसर में तकनीति,शैक्षणिक, स्टाफ तथा कर्मचारियों का अभाव है जिसके कारण विद्यार्थियों की शिक्षा पर



दुष्प्रभाव पड़ता है सोंधिया ने कहा विद्यार्थी परिषद की समस्त मांगो को पूरी कर समस्याओं का अतिशीघ्र निराकरण किया जावे अन्यथा परिषद उग्र आंदोलन हेतु बाध्य होगी। इस अवसर पर नगर सहमंत्री नीरज सोंधिया, महाविद्यालय संयोजक किशन गोस्वामी,सुमित सोंधिया, ऋषिराज, दिलवर, रोहित, विशाल, गोविंद, नितिन, प्रिंस, राजेश, विनोद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सुठालिया महाविद्यालय में विगत कई वर्ष से राजनीतिक विज्ञान, जंतुविज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषय तथा तकनीकी विषयो एवं कार्यालयीन कर्मचारियों के पद रिक्त है जिनपर भर्तियां न होना शिक्षा विभाग की लापरवाही को दर्शाता है।

# भाजपा युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया



**सारंगपुर।** नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एआई इम्पैक्ट समिट कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस की युवा इकाई द्वारा कथित रूप से शर्ट उतारकर हंगामा करने और नारेबाजी किए जाने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सारंगपुर में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने इस घटना को देश की गरिमा के खिलाफ बताते हुए विरोध दर्ज कराया। भाजयुमो विधानसभा सारंगपुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया तथा कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाले किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, जिला मंत्री मनोहर परमार, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल पुष्पद, श्याम राजपूत सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी राकेश सेन, पप्पी, राहुल इंदौरे, मोहित हाड़ा, लखन पुष्पद, ईशांत मंगल आदि मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन तथा महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मोहन नागर (जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एवं पद्मश्री सम्मानित) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में रोहित बम्होरे (अनुविभागीय अधिकारी, सारंगपुर), गुरुचरण गौड़ (विभाग समन्वयक, विद्या भारती भोपाल) एवं बद्रीलाल बामनिया (ब्लॉक समन्वयक, जन अभियान परिषद, सारंगपुर) शामिल रहे।

अपने संबोधन में नागर ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने स्वागत भाषण एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल उपलब्धियों की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वर्षभर आयोजित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, शील्ड एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने पर कोमल गोयल एवं शिवम पुष्पद को सम्मानित किया गया। संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को भी शील्ड प्रदान की गई। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में केश सज्जा में भूमि भावसार प्रथम एवं निक्की भेरवे द्वितीय रहीं। मेंहदी प्रतियोगिता में शिवानी पुष्पद प्रथम एवं निक्की भेरवे द्वितीय रहीं। सलाद सज्जा में हर्षिता पुष्पद प्रथम एवं उज्ज्वला पालीवाल द्वितीय रहीं। कचरे से कला प्रतियोगिता में राजेश्वरी चतुर्वेदी प्रथम एवं हर्षिता पुष्पद द्वितीय रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में खुशी गुर्जर प्रथम एवं दिव्यांशी भिलाला द्वितीय रहीं। पुष्प सज्जा में ईश्वर मालवीय प्रथम एवं उज्ज्वला पालीवाल द्वितीय रहे। फैंसी ड्रेस में हर्षिता पुष्पद प्रथम एवं सपना भिलाला द्वितीय रहीं। एकल नृत्य में अरुण भिलाला प्रथम एवं दिव्यांशी भिलाला द्वितीय रहे। एकल गायन में किरण पाल प्रथम एवं दिव्यांशी भिलाला द्वितीय रहीं। समूह नृत्य में अमीषा एवं समूह प्रथम तथा तनीषा एवं समूह द्वितीय रहे। काव्य पाठ में दिव्यांशी भिलाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों द्वारा नेताजी के तुलादान पर आधारित एक सुंदर नाटक की प्रस्तुति भी दी गई, जिसके लिए प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

औपचारिक चार्ज लेकर कार्यभार संभाला

# हाफिज इलियास बने दरगाह कमेटी के सदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

नगर की दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रहमतुल्लाह अलेह की कमेटी मप्र वक्फ बोर्ड द्वारा परिवर्तित कर अब व्यवस्था हाफिज मोहम्मद इलियास को दे दी है। इसी क्रम में मंगलवार दोपहर दरगाह सेदरी में पूर्व सदर शफीक गामा ने नव नियुक्त सदर मोहम्मद इलियास को औपचारिक चार्ज सर्वसम्मति से सौंपा, जिसमें शफीक द्वारा वित्तीय प्रभार आदि के लिए तीन दिवस का समय भी लिया गया हे। गौरतलब हे कि लंबे कयासों



बाद इस जिम्मेदारी संभालने की सभी योग्य कमेटियों से चयन कर यह प्रभार हाफिस इलियास को सोपा गया हे। इस वर्ष मार्च 2026 के सालाना उर्स के लिए कम समय अवधि में प्रभार लेने वाले नव नियुक्त सदर इलियास ने बताया कि पार्टी और विशेषकर राजगढ़ के लोकप्रिय विधायक व वक्फ कमेटी द्वारा मजबूर भरोसा जताया गया हे में विधायक जीबौर वक्फ बोर्ड चेयर मेन साहब का आभारी हूँ, उनके इस विश्वास पर पूरी रखते खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर दोनों कमेटियों के सदस्य व अन्य खादिम मौजूद रहे,हाफिस इलियास की नियुक्ति पर सभी शुभचिंतको ने बधाइयां दी। हमारी कमेटी उर्स की तमाम व्यवस्थाओं को बेहतर करने का प्रयास करेगी।


जिलाधीश की पहल पर हर मंगलवार आयोजित होता है कार्यक्रम

# दुखियों के लिए 'दवा' और लापरवाहों का 'सिरदर्द' बना संवाद से समाधान

■ राजगढ़ नपा सीएमओ, इंजीनियर, सुठालिया नप अध्यक्ष व एकाउन्टेंट पर तल्ख कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा हर मंगलवार संवाद से समाधान कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरू की गई है। यह कार्यक्रम जिला स्तरीय जनसुनवाई के पूर्व आयोजित किया जाता है जिसमें किसी एक विभाग के किन्हीं 05 लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए फरियादी और संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी को आमने-सामने बैठाकर मामलों का मौके पर ही निराकरण किया जाता है। इस कार्यक्रम से जहां फरियादियों को त्वरित न्याय मिल रहा है वहीं संबंधित गैर-जिम्मेदार लोकसेवकों पर विभिन्न कार्यवाहियां भी नजर आ रही हैं। यह पहल न केवल अधिकारियों में जवाबदेही स्थापित कर रही है, बल्कि आम नागरिकों और जिला प्रशासन के बीच सीधा संवाद भी स्थापित कर रही है। कल इस कार्यक्रम के तहत नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित पांच शिकायतों की समीक्षा की गई है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं प्रत्येक शिकायत को व्यक्तिगत रूप से सुनकर मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। वहीं मामलों को अनावश्यक पेंडिंग रखने वालों पर तल्ख कार्यवाहियां भी नजर आईं।



### राजगढ़ नपा सीएमओ, इंजीनियर को नोटिस जारी

*राजगढ़ के एक शिकायतकर्ता सचिन मेवाड़े ने बताया कि वार्ड-15 स्थित फलोदी कालोनी में कालोनी में पानी की पाइप लाइन नहीं हैं। पाइप लाइन न होने से पेयजल के लिए रहवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के संबंध में मौके पर उपस्थित राजगढ़ नपा सीएमओ पवन अवस्थी ने बताया कि पेयजल के लिए नई लाइन डाली जा रही है। टेण्डर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है, शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। हालांकि, इस उत्तर से जिलाधीश संतुष्ट नहीं आए और सीएमओ अवस्थी एवं जल शाखा के सब इंजीनियरको कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि नगरीय निकायों में अवैध नल कनेक्शन का सर्वे कर सात दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।*

### पीएम आवास की शिकायत पर सत्यापन के निर्देश

*खिलचीपुर वार्ड-2 के शिकायतकर्ता जावेद कुरैशी ने बताया कि उन्हें पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। कलेक्टर ने नगर पालिका खिलचीपुर के 40 प्रधानमंत्री आवासों का 02 सप्ताह में जांच दल द्वारा सत्यापन करने के निर्देश दिए।*

### सुठालिया नप अध्यक्ष व एकाउन्टेंट को नोटिस

*एक शिकायतकर्ता अजय बैरागी ने बताया कि उनके स्वामित्व की ए.बी. सेल्स कार्पोररेशन, भोपाल द्वारा नगर परिषद सुठालिया क्षेत्र में स्काई लिफ्टा फेब्रिकेशन का कार्य 2024 किया गया था। इस कार्य का पेमेंट उन्हें दो साल बाद भी नहीं किया जा रहा है। शिकायत की जांच उपरांत कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सुठालिया नगर परिषद अध्यक्ष एवं लेखापाल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।*

**In The Court Of I Additional Sessions Judge, District Court Rajgarh**

Presiding Officer : डॉ लखन लाल गोस्वामी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MACC/0000019/2024)
सरदार बाई वर्मा ................ वादी
Vs
रघुनाथ राजपूत .................... प्रतिवादी
Process Id- /2026
पेशी दिनांक :- 25/03/2026

प्रेषिती- (1) घनश्याम जायसवाल पिता पन्नालाल जायसवाल पता- नि.मकान नं 08 वार्ड क्रं 14 पुराना बस स्टेण्ड सदर बाजार पचोर थाना व तहसील पचोर जिला राजगढ म.प्र.
यह कि प्रार्थी सरदारबाई वर्मा ने आपके विरूद्ध मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 20 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश डॉ. लखन लाल गोस्वामी
प्रथम अति. मो. दुर्घटना दावा अधिकरण
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा

**In The Court Of I Additional Sessions Judge, District Court Rajgarh**

Presiding Officer : डॉ लखन लाल गोस्वामी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MACC/0000019/2024)
मुन्नालाल वर्मा ................ वादी
Vs
रघुनाथ राजपूत .................... प्रतिवादी
Process Id- /2026
पेशी दिनांक :- 25/03/2026

प्रेषिती- (1) घनश्याम जायसवाल पिता पन्नालाल जायसवाल पता- नि.मकान नं 08 वार्ड क्रं 14 पुराना बस स्टेण्ड सदर बाजार पचोर थाना व तहसील पचोर जिला राजगढ म.प्र.
यह कि प्रार्थी मुन्नालाल वर्मा ने आपके विरूद्ध मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 20 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश डॉ. लखन लाल गोस्वामी
प्रथम अति. मो. दुर्घटना दावा अधिकरण
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा